उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्या: 97 / 04 / E-3/DR(A.R.) / 2022 दिनांक– 30 दिसम्बर, 2022

विज्ञप्ति

सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्याधीन विश्वविद्यालयों एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में सहायक कुलसचिव के रिक्त पदों पर सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022 के माध्यम से चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–A-4/E-3/A.R./2022 दिनांक 08.07.2022 के क्रम में मुख्य / लिखित परीक्षा (परम्परागत निबंध शैली) का आयोजन दिनांक **07 फरवरी, 2023 (मंगलवार)** एवं **08 फरवरी, 2023 (बुधवार)** को एकल परीक्षा केंद्र–परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार किया जायेगा–

क्र0 सं0	दिनांक	सत्र / समय	प्रश्न–पत्र	समयावधि
1.	07.02.2023	प्रथम सत्र (पूर्वाह्न 09:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक)	सामान्य हिन्दी	03 घण्टे
		द्वितीय सत्र (अपराह्न 02:00 से सायं 05:00 बजे तक)	सामान्य अध्ययन	03 घण्टे
2.	08.02.2023	प्रथम सत्र (पूर्वाह्न 09:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक)	वित्तीय नियम व कार्यालय प्रक्रिया	03 घण्टे

02. अभ्यर्थी प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में प्रवेश पत्र दिनांक 23 जनवरी, 2023 (सोमवार) से आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेगें।

03. उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में यदि अभ्यर्थी को कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है तो अभ्यर्थी उस समस्या से संबंधित विवरण (ऐपलीकेशन नं0, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि का उल्लेख करते हुए) आयोग की हेल्पलाइन **ukpschelpline@gmail.com** पर ई–मेल कर सकते हैं।

-Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव